हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

&

inh 24x7

बढ़ते भारत की आवाज़





मिल्कियाना®

Balanced Cattle Feed

Presents

डॉ. हिमांशु द्विवेदी

प्रधान संपादक

हरिभूमि, आईएनएच

मा. रामविचार नेताम

कैबिनेट मंत्री- आदिम जाति विकास,
कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी,
मछली पालन एवं पशुधन विकास मंत्री

कृषि संवाद

Agriculture Conclave 2026



Saturday, 24 Oct 2026 | Time : 2.00 PM

Vivekanand Auditorium,
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Raipur (C.G.)

Supported By

Health Partner

NABARD

aries agro limited

KSC TECHNO PVT. LTD.
Pioneering a Digital Revolution

ITSA HOSPITALS
HEALTHCARE. HOSPITALITY. HARMONY.

SARDA

tirupati धार्मिक यात्रा सेवा समिति

AVK™

ए.एन.आटोमोबाईल

AANDRAYA ENTERPRISES

17 OCT- BSP - BHOOMI-PG-2_Layout 1 10/18/2026 12:59 AM Page 1

खबर संक्षेप

अगले साल गणेश विसर्जन से रिवर व्यू रोड होकर निकलेगी झांकियां व प्रतिमाएं



बिलासपुर। शहर की उत्सव परंपरा को अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने के लिए आयोजन समितियों एवं नागरिकों ने मिलकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। आगामी वर्ष गणेश विसर्जन से झांकियां और विसर्जन के लिए प्रतिमाएं रिवर व्यू रोड मार्ग से निकाली जाएंगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह की मौजूदगी में दुर्गा उत्सव आयोजन समितियों के प्रतिनिधियों, शांति समिति के सदस्यों एवं नागरिकों के साथ रिवर व्यू ग्राउंड में हुई बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श के बाद नए मार्ग पर सर्वसम्मति बनी। इस वर्ष दुर्गा विसर्जन पूर्व निर्धारित मार्ग से ही होगा। खुली बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विसर्जन मार्ग पर चर्चा की गई। आयोजन समितियों के प्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने सहमति जताई कि रिवर व्यू रोड से झांकियां और प्रतिमाएं निकाले जाने पर लोगों को परिवार सहित शांतिपूर्वक झांकियों के दर्शन करने का बेहतर अवसर मिलेगा। मुख्य सड़कों पर भीड़ और यातायात का दबाव कम होगा तथा बाजारों में आवागमन एवं व्यापारिक गतिविधियां सुचारू रखने में भी मदद मिलेगी। प्रतिनिधियों ने कहा कि बिलासपुर की गौरवशाली उत्सव परंपरा को बनाए रखते हुए शहर की बढ़ती जरूरतों के अनुरूप व्यवस्था में बदलाव सामूहिक सहयोग से संभव है। इसी भावना के साथ अगले वर्ष गणेश विसर्जन से नए मार्ग को अपनाने पर सहमति व्यक्त की गई। इस वर्ष दुर्गा विसर्जन का आयोजन निकट होने के कारण वर्तमान मार्ग की व्यवस्था यथावत रखने का निर्णय लिया गया।

वेदमूर्ति महाकाव्य के माध्यम से युगऋषि का संदेश

बिलासपुर। गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में नवरात्रि पावन पर्व के अवसर पर वरिष्ठ परिजन अध्यात्मवेत्ता डॉ.बृजेश सिंह ने प्रज्ञा उद्बोधन के उपक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने वेदमूर्ति महाकाव्य के छंदों के माध्यम से पूज्य गुरुदेव युगऋषि आचार्य श्रीराम शर्मा के संदेश को अभिव्यक्त किया। डॉ.बृजेश सिंह ने वेदमूर्ति महाकाव्य के छंदों को दृष्टान्त के रूप में प्रस्तुत कर पूज्य गुरुदेव के युग निर्माण सत्संकल्प को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिसे प्रबुद्धजन की सराहना मिली। उन्होंने पांच दर्जन से अधिक ग्रंथों का लेखन किया है और उनके साहित्य पर केन्द्रित दो दर्जन से अधिक पीएच डी व शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित हुए हैं। प्रवचन से पूर्व रामकुमार श्रीवास तथा मनोहर दास मानिकपुरी ने तिलक लगाकर तथा श्रीफल भेंट कर महाकवि डॉ.बृजेश सिंह का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्टी रामकुमार श्रीवास ने किया। इस अवसर पर हेमराज वैश्य मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, द्वारिका पटेल, जेलाल ट्रस्टी सहित गायत्री परिवार के परिजन उपस्थित थे।



स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने बच्चों को वितरित किए स्वेटर



बिलासपुर। जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाने और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से स्वयं सिद्धा फाउंडेशन द्वारा यदुनंदन नगर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बिल्हा विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की सहायता करना और उनके जीवन में खुशियां लाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना भी जरूरी है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। श्री कौशिक ने आगे कहा की जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, सेवा और सहयोग की भावना से किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकते हैं। इस दौरान फाउंडेशन की संस्थापिका ऋतु साहू,अध्यक्ष नवीन चंद्र दुबे,कार्यक्रम में प्रधान पाठक धीरज सोनी , आदर्श सराफ, प्रियंक सराफ,प्रीति सिंह, मीना राय, अनीता गेडाम, विजयलक्ष्मी पाठक, विश्वास शर्मा, जोगेंदर सिंह हरवंश की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों ने किया दूरदर्शन केन्द्र का औद्योगिक भ्रमण

बिलासपुर। छग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी सीजीआईटी बिलासपुर के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के पांचवें एवं सातवें सेमेस्टर के 54 विद्यार्थियों ने प्रसार भारती अंतर्गत दूरदर्शन केन्द्र रायपुर का औद्योगिक भ्रमण किया। इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को इलेक्ट्रानिक्स, प्रसारण तकनीक तथा सैटेलाइट कम्युनिकेशन सिस्टम के व्यावहारिक एवं वास्तविक जीवन में उपयोगों से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने न्यूज रूम, सर्वर एवं वीडियो एडिटिंग अनुभाग, ट्रांसमिशन सेंटर तथा टेलीविजन स्टूडियो का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को टेलीविजन प्रसारण की कार्यप्रणाली, सिग्नल ट्रांसमिशन तथा आधुनिक इलेक्ट्रानिक प्रणालियों के उपयोग को समझने का अवसर मिला। प्रसार भारती के प्रशिक्षण अधिकारी संदीपन अधिकारी द्वारा औद्योगिक भ्रमण दौरान विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। इस औद्योगिक भ्रमण का संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. उमाशंकर देवांगन, प्रो. सौरभ यादव, प्रो. अर्पिता रानी वैष्णव, प्रो. शशिकला सिंह द्वारा किया गया। यह भ्रमण कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा चौहान एवं इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य डॉ. एसके सिंघई के मार्गदर्शन संपन्न हुआ। इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव के बीच की दूरी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उद्योगों में उपयोग की जाने वाली आधुनिक तकनीकों को समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

ट्रेनों में उमड़ी भीड़...



बिलासपुर। नवरात्रि के अवसर पर ट्रेनों में एकाएक यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। पिछले कई दिनों से जांजगीर और डोंगरगढ़ की ओर जाने वाली ट्रेनों में लोगों को पैर रखने की भी जगह नहीं मिल रही है। रेलवे ने फेस्टिवल सीजन में स्पेशल ट्रेनें चलाई है उसके बाद भी यह स्थिति हैं। जांजगीर में दुर्गा प्रतिमा को देखने के लिए अधिक लोग जा रहे हैं। इसी तरह डोंगरगढ़ में भी देवी दर्शन करने वालों की संख्या बढ़ गई है।

जिले में 8 लाख 34 हजार 651 खसरों की हुई जांच

डिजिटल क्रॉप सर्वे पर नहीं पड़ा पटवारियों की हड़ताल का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खरीफ फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे गिरदावरी कार्य से पटवारियों की हड़ताल का कोई असर नहीं हुआ। पटवारियों की हड़ताल के चलते प्राइवेट सर्वेयरों से गिरदावरी के तहत फसल सर्वे का काम कराया जा रहा है, जिसमें अभी तक 8 लाख 34 हजार 751 खसरों प्लाट्स का सर्वे हो गया है, जो 85 फीसदी से भी अधिक है।

- 85 फीसदी से अधिक सर्वे पूर्ण
- 25 अक्टूबर तक बढ़ाई गई तिथि

खरीफ फसल के डिजिटल क्रॉप सर्वे गिरदावरी के लिए शासन की ओर से पहले 10 अक्टूबर तक की मोहलत दी गई थी, जिसे अब 25 अक्टूबर तक बढ़ा दिया गया है, किन्तु शेष बचे खसरों का सर्वे जल्दी से जल्दी पूरा करने के कहा गया है। डिजिटल क्रॉप सर्वे गिरदावरी तहत फसलों के सर्वेक्षण का काम अंतिम की ओर है। बिलासपुर जिले में कुल 9 लाख 75 हजार 27 खसरा नंबरों प्लाट्स का सर्वे करना है, जिसमें से अभी तक 8 लाख 34 हजार 651 खसरों का सर्वे पूर्ण कर लिया गया है। इसमें से 8 लाख 25 हजार 171 खसरों का सर्वे एप्रूव हो गया है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी मोबाइल फोन के माध्यम से खरीफ फसल का डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है, किन्तु कुछ दिक्कतों की वजह से पटवारियों ने इस बार सर्वे का विरोध कर दिया और हड़ताल पर चले गए, इसलिए प्रशासन द्वारा प्राइवेट सर्वेयरों के जरिए डिजिटल क्रॉप सर्वे कराया जा रहा है और पटवारियों के हड़ताल का असर डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य में बहुत ज्यादा नहीं पड़ा, जिससे अब सर्वे कार्य अंतिम की ओर है।



1 लाख 11 हजार अनेबल सर्वे प्लाट्स

फसलों के डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम अभी जिले के बिलासपुर, सकरी और बेलतरा तहसील क्षेत्र में ज्यादा बचे हुए हैं। वहीं सर्वे के लिए बचे 1 लाख 40 हजार 376 खसरा नंबरों प्लाट्स में से 1 लाख 11 हजार 749 प्लाट्स ऐसे है जो अनेबल सर्वे वाले हैं, जिनमें फसल नहीं लग रहा है। मतलब इन खसरा नंबरों वाले भूमि अब कृषि भूमि नहीं है जो आवासीय या अन्य में परिवर्तित हो गए हैं।

क्रॉप सर्वे गिरदावरी जरूरी

डिजिटल क्रॉप सर्वे जिसे गिरदावरी भी कहा जाता है। गिरदावरी एक तरह से भू राजस्व दस्तावेज होता है, जिसे पटवारी द्वारा तैयार किया जाता है। इसमें किसी खेत में बोई गई फसल, भूमि का मालिक और भूमि का उपयोग दर्ज किया जाता है। यह रिकार्ड फसल बीमा, सरकारी योजनाएं और राजस्व निर्धारण के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। गिरदावरी में भूमि का उपयोग जैसे जमीन पर कौन सी खेती की जा रही है। फसल का विवरण खेत में कौन सी फसल बोई गई है। भूमि मालिक कौन है और खसरा नंबर तथा सिंचाई का माध्यम आदि जानकारी ली जाती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए गिरदावरी जरूरी है।

मोबाइल फोन के जरिए डिजिटल सर्वे

गिरदावरी तहत मोबाइल फोन के माध्यम से डिजिटल फसल सर्वेक्षण कराया जा रहा है। इसके लिए गांवों में प्राईवेट सर्वेयर मौके पर खेतों पर जाकर अपने मोबाईल फोन के जरिए एप में जानकारी अपलोड कर रहे हैं। प्रत्येक सर्वेयरों को 40-50 प्लाटस का प्रतिदिन सर्वे करना है। डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य में लगे प्राईवेट सर्वेयरों को प्रत्येक सर्वे के लिए एप के माध्यम से सही सर्वेक्षण अपलोड करने और स्वीकृत हो जाने की दशा में 10 रुपए प्रति प्लाट्स मानदेय के रूप में दिया जाएगा।

अधिवक्ता संघ के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन



बिलासपुर। जिला अधिवक्ता संघ के नवीन सामुदायिक भवन के निर्माण का भूमि पूजन शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर में किया गया। इसके मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रवि कुमार अग्रवाल, पोर्ट फोलिया जज, विशिष्ट अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिराजुद्दीन कुरैशी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय आलोक कुमार, अध्यक्षता जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनुराग बाजपेयी थे। स्वागत उदबोधन में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनुराग बाजपेयी ने नवीन सामुदायिक भवन निर्माण तथा अधिवक्ताओं की सुविधा से न्यायालयीन कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने के संबध में प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार अग्रवाल ने अपने उदबोधन में अधिवक्ताओं को सुविधा प्रदान करने हेतु अपनी कटिबद्धता व्यक्त करते हुए जिला न्यायालय में अधिवक्ता के रूप में कार्य करने वाले अपने समय का स्मरण करते हुए अधिवक्ताओं को आदर्श रूप में न्यायालयीन कार्य संपादित करने विभिन्न संस्मरण द्वारा सीख दी। आभार प्रदर्शन संघ के सह सचिव शंकर चतुर्वेदानी ने, संचालक सचिव विवेक पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, उपाध्यक्ष कनिष्ठ महिला राधा रजक, कोषाध्यक्ष श्वेता शास्त्री, ग्रंथालय सचिव मनोज सिंह ठाकुर, क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक सचिव सचिन दिग्रस्कर, कार्यकारिणी सदस्य अनुश्री राजपूत, गौरव चंद्राकर, पप्पू साहू, रोहित हंसपाल, हेमलता साहू, प्रतिज्ञा सिंह सहित बडी संख्या में अधिवक्ता मौजूद थे।

नाइसटेक में कंप्यूटर टायपिंग एवं शॉर्टहैंड प्रशिक्षण शुरू

बिलासपुर। नाइसटेक कंप्यूटर एजुकेशन बिलासपुर में छह माह का कम्प्यूटर टाइपिंग एवं शॉर्टहैंड प्रशिक्षण शुरू किया गया है, जिसमें प्रतिदिन लगभग ढाई घंटे की कक्षाएं होंगी। प्रशिक्षण में हिंदी अथवा अंग्रेजी टायपिंग, शुरुआती से उन्नत स्तर तक शॉर्टहैंड, डिक्टेशन, सामग्री को कंप्यूटर पर तैयार करना तथा कार्यालयीन पत्र और रिपोर्ट बनाना सिखाया जाएगा।

नियमित अभ्यास और अभ्यास परीक्षाओं के माध्यम से टाइपिंग की गति एवं शुद्धता सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संस्थान के अनुसार प्रशिक्षण प्रमाणित प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा, जिन्होंने अपने संबंधित विषय में हिंदी टायपिंग, अंग्रेजी टायपिंग अथवा शॉर्टहैंड की परीक्षा उत्तीर्ण की है। हिंदी एवं अंग्रेजी टायपिंग तथा शॉर्टहैंड की संबंधित शासकीय परीक्षाओं की तैयारी भी कराई जाएगी। विद्यार्थी संबंधित परीक्षा की पात्रता एवं नियमों के अनुसार निर्धारित परीक्षा शुल्क अलग से जमा करके आवेदन कर सकेंगे। संस्थान के संस्थापक एवं सीईओ रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को कार्यालयीन कार्यों में उपयोग आने वाले कौशल सिखाना और कौशल परीक्षाओं के लिए उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। टाइपिंग में गति एवं शुद्धता सुधारने, शॉर्टहैंड सीखने तथा कार्यालयीन कामकाज का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करने के इच्छुक युवा इस प्रशिक्षण का लाभ ले सकते हैं। संस्थान के अनुसार, छह माह के प्रशिक्षण का निर्धारित शुल्क 15000 रुपए हैं। 30 अक्टूबर से पहले प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण शुल्क 13 हजार रुपए रहेगा, जिसमें 2000 रुपए की बचत होगी।

तीर-धनुष संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा



बिलासपुर। डॉ.सीवी. रमन विश्वविद्यालय में 26वीं राज्यस्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल, अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.अरविंद तिवारी, विशिष्ट अतिथि सचिव कैलाश मुरारका, अधिवक्ता ईशा अग्रवाल तथा शिवतराई आर्चरी अकादमी की अध्यक्ष श्रीमती वंदना उइके उपस्थित रहीं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि तीरंदाजी केवल एक खेल नहीं, बल्कि हमारी समृद्ध परंपरा और संस्कृति से जुड़ी विधा है। भगवान राम, अर्जुन और एकलव्य के संदर्भ में तीर-धनुष हमारी सांस्कृतिक स्मृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। छत्तीसगढ़ की आदिवासी संस्कृति में तीर-धनुष केवल अस्त्र नहीं, बल्कि जीवन शैली और परंपरा का अभिन्न अंग रहा है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल में निरंतर मेहनत, अनुशासन और एकाग्रता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा, तीरंदाजी हमारी परंपरा अनुशासन और एकाग्रता से जुड़ा खेल है। धैर्य और एकाग्रता के साथ ही इसमें सफलता भी की जा सकती है। प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ आर्चरी एसोसिएशन, जिला आर्चरी एसोसिएशन तथा डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं शारीरिक शिक्षा, योग एवं खेल विज्ञान विभाग के डीन डॉ.जय शंकर यादव रहे। जिला तीरंदाजी संघ के सचिव डॉ. आलोक शर्मा की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.ब्रह्मेश श्रीवास्तव ने किया।

कौशल विकास के लिए हुआ एमओयू



बिलासपुर। महर्षि विश्वविद्यालय ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी तथा जिला उद्योग संघ के बीच विद्यार्थियों के कौशल विकास, व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं रोजगारोन्मुखी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एमओयू किया गया।

इस समझौते पर जिला उद्योग संघ की ओर से अध्यक्ष सतीश शाह तथा विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव डॉ.विजय गारूडिक ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम के मुख्य अथिति महर्षि यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ.नरेश कुमार तिवारी, प्रदेश उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केड़िया, जिला उद्योग संघ कोषाध्यक्ष राम सुखीजा, महासचिव शरद सक्सेना, उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, सुनील सुल्तानिया, चंद्रकांत भट्ट, स्वप्निल अग्रवाल, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, प्रकाश त्रिवेदी, अंकुर अग्रवाल, जीके श्रीवास्तव, अमर चौवला, पीपी भंडारी, मुकेश पमनिया, मुकेश लाल चांदनी सहित संघ के अन्य पदाधिकारी एवं महर्षि यूनिवर्सिटी की डीन डॉ.किरण श्रीवास्तव एवं डॉ.सरिता पाण्डेय उपस्थित थे।

महर्षि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.नरेश कुमार तिवारी ने कहा कि उद्योगों के साथ इस प्रकार के समझौते विद्यार्थियों को वास्तविक कार्यक्षेत्र का अनुभव प्रदान करेंगे और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे। महर्षि विश्वविद्यालय पिछले 6 महीनों से विभिन्न औद्योगिक, शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग का विस्तार कर रहा है।

मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग को 50 सीटों के लिए मिली मान्यता

बिलासपुर। मार्क इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग को बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम की 50 सीटों के लिए भारतीय नर्सिंग परिषद की मान्यता प्राप्त हुई है। संस्थान ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों को दिया है।

मार्क हॉस्पिटल से संबद्ध संस्थान में विद्यार्थियों को नर्सिंग शिक्षा के साथ अस्पताल में व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिलता है। संस्थान के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शिक्षण और प्रशिक्षण की सुविधाओं के विस्तार के लिए संस्थान का अपना नया नर्सिंग कॉलेज भवन भी तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ.कमलेश कुमार मौर्य और डॉ.रेणु बाला मौर्य ने प्राचार्या मयूरी मार्टिन, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को बधाई देते कहा कि पूरी टीम की मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि संभव हुई है। संस्थान का उद्देश्य कुशल और संवेदनशील नर्सिंग पेशेवर तैयार करना है।

एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट में जमुना कोतमा बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



एसईसीएल मुख्यालय की मेजबानी में स्व.बीआर यादव अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैदान, बहतराई में 14 से 17 अक्टूबर तक आयोजित एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय हॉकी टूर्नामेंट का अनुशासन एवं खेल भावना के साथ सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं इकाइयों की 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में जमुना कोतमा ने सोहागपुर को 1–0 से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि सोहागपुर उपविजेता रहा। सुबह खेले गए तीसरे स्थान के मुकाबले में गेवरा ने रायगढ़ को पराजित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, विशिष्ट अतिथि निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास, मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन एवं निदेशक तकनीकी/संचालन रमेश चंद्र महापात्र उपस्थित रहे। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीम को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरीश दुहन ने कहा कि खेल अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व एवं आपसी समन्वय को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम है। एसईसीएल कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। समारोह में सचिव, हॉकी छत्तीसगढ़, अध्यक्ष, हॉकी बिलासपुर, कोल इंडिया वेलफेयर बोर्ड के सदस्य, एसईसीएल संचालन समिति के सदस्य, एसईसीएल कल्याण मंडल, मुख्यालय एवं क्षेत्रीय जेसीसी सदस्य, क्षेत्रीय कल्याण समिति के सदस्य तथा विभिन्न काउंसिल एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। चार दिनों तक चले इस सफल आयोजन ने एसईसीएल परिवार की एकजुटता, समन्वय एवं खेल संस्कृति को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया।

सेवा संकल्प एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान का समापन



बिलासपुर। सराफा एसोसिएशन एवं प्रदेश सराफा एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितम्बर से प्रारंभ हुआ सेवा संकल्प अभियान एवं उपभोक्ता जागरूकता अभियान शनिवार 17 अक्टूबर को एक माह के सफल सफर के साथ संपन्न हुआ। अभियान के माध्यम से राष्ट्रप्रेम, सामाजिक सहभागिता, उपभोक्ता हितों, सराफा व्यापार की समस्याओं और बिलासपुर के विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लगातार संवाद एवं विचार विमर्श किया गया। अभियान के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी ने पूरे माह विभिन्न अतिथियों, सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिनिधियों व सराफा परिवार के सदस्यों के साथ संवाद को आगे बढ़ाया। इसमें विधायक अमर अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सिंह, छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व महापौर वाणी राव, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, महापौर पूजा विधानी, क्रेड़ा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, डा. किरणपाल सिंह चावला, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, विनोद सोनी, किशोर राय, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, छत्तीसगढ़ चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश थौरानी, पूर्व विधायक रजनीश सिंह, हर्षिता पाण्डेय सहित सामाजिक प्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिकों ने सहभागिता की।

17- OCT- BSP- P- 3_Layout 1 10/17/2026 12:39 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 32.2 डिग्री

न्यूनतम 24.3 डिग्री

हरिभूमि

बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया



सिम्स के गेट पर ठेले वालों का कब्जा।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
18 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
20



बिलासपुर। नवरात्र सप्तमी की रात शहर की सड़कों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, शहर की सभी इलाकों में आकर्षक दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं, जहां देर रात तक श्रद्धालुओं की कतार लगी रही।

खबर संक्षेप

शहर प्रवास पर रहेंगे पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आज

बिलासपुर। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार 18 अक्टूबर को बिलासपुर प्रवास पर रहेंगे। दोपहर 12 भिलाई निवास से प्रस्थान कर कवर्धा जिला निवारी गुड़ा पहुंचेंगे,



जहां 51 शक्तिपीठ महामाया के दर्शन करेंगे दोपहर 3 बजे नेवारीगुड़ा कवर्धा जिला कबीरधाम से प्रस्थान कर 5 बजे रतनपुर पहुंचकर शक्तिपीठ मां महामाया के दर्शन करेंगे। कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव कांग्रेस पदाधिकारीयों के साथ रतनपुर में माननीय पूर्व मुख्यमंत्री की अगवानी करेंगे। रतनपुर से 6:30 बजे रवाना होकर मस्तूरी विधानसभा के जयरामनगर खैरा पहुंचकर विधायक दिलीप लहरिया के साथ जगराता कार्यक्रम में शामिल होंगे। रात 8 बजे जयरामनगर से रवाना होकर बिल्हा के पूर्व विधायक सियाराम कौशिक के निवास पहुंचेंगे। परिवार एवं कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात कर वहां से भिलाई निवास स्थान के लिए प्रस्थान करेंगे। उक्त जानकारी प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अभय नारायण राय ने दी।

झांसा देकर 10 लाख की ठगी, दलाल गिरफ्तार

बिलासपुर। दूसरे की जमीन को अनुबंधित बताकर बेचने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी करने वाले जमीन दलाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, दयालबंद निवासी विशालचंद केसरी पिता सव. कपूरचंद केसरी ने रिपोर्ट लिखाई। जमीन दलाल प्रफुल्ल झा पिता आरएन झा भारतीयनगर निवासी ने राजस्व रिकार्ड में बृजमोहन दुआ के नाम पर दर्ज सकरी स्थित जमीन को उनसे अनुबंधित बताकर बेचने के लिए सौदा तय किया और श्री केसरी से 10 लाख रुपए एडवांस ले लिया। बाद में पता चला उक्त जमीन चंद्रकली बाई के नाम जमीन दर्ज है। पैसा वापस मांगने पर वह घुमाने लगा। रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 318, 4, 336, 338, 340 के तहत जुर्म दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

निगम के कई वार्डों में आज भी मिक्स कचरा ही डंपिंग यार्ड तक पहुंच रहा

न घरों में डिब्बे बांटे, न गाड़ियों में कंपार्टमेंट ही बनाए गए, अब 10 करोड़ का अतिरिक्त बोझ भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए घरों में न तो डिब्बे बांटे गए हैं ना गाड़ियों में कंपार्टमेंट ही बनाए गए हैं। इसके साथ ही 4 रंग के डस्टबिन का नियम भी टूट रहा है। नए नियम के तहत अब नगरीय निकायों में घरों, दुकानों, आफिसों से गीला और सूखा कचरा के अलावा घरेलू खतरनाक तथा सैनिटरी-विशेष कचरा भी अलग-अलग लेना है। यानी इस नियम के तहत हर घर और दुकानों में चार तरह के कचरों के लिए 4 अलग-अलग रंग के डस्टबिन में रखने होंगे। कागजों में यह नियम लागू कर दिया गया है लेकिन अमल शुरू नहीं हुआ है। हाल यह है कि निगम क्षेत्र के किसी भी कचरा गाड़ी में चार कंपार्टमेंट नहीं है। अब निगम पर 4 रंग के डिब्बों को बांटने और गाड़ियों में बदलाव पर 10 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ रहा है इसलिए बजट की कमी से जूझ रहे निगम प्रशासन के लिए आसान नहीं है।

- गीला और सूखा कचरा के अलावा घरेलू खतरनाक तथा सैनिटरी-विशेष कचरा भी अलग करना होगा

दरअसल राज्य में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (एसडब्ल्यूएम) नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू हो गया है। नए नियमों के मुताबिक अब गीला और सूखा कचरा ही नहीं, बल्कि बायो-मेडिकल (सेनेटरी) और खतरनाक कचरे को भी अलग-अलग करके चार डिब्बों में देना अनिवार्य होगा। हालांकि निगम के कई वार्डों में आज भी मिक्स कचरा ही डंपिंग यार्ड तक पहुंच रहा है। लोग नीले और हरे डिब्बे का अंतर तो समझ गए हैं लेकिन लाल और काले डिब्बे (सेनेटरी और हैजर्ड वेस्ट) की अवधारणा अब भी कागजों तक सीमित है। ऐसे में बिना संसाधनों के नए नियम का पालन बेहद चुनौती पूर्ण है। अब तक इसके लिए निगम में कोई तैयारी भी नहीं की गई है। गाड़ियों के अपग्रेडेशन, नए डस्टबिन के वितरण और आइटी आधारित मानिटरिंग सिस्टम पर निगम को करोड़ों रुपए से अधिक खर्च करने होंगे।



ट्रिप बढ़ेगी या नई गाड़ियां खरीदनी होंगी

फिलहाल नगर निगम के बेड़े में वर्तमान में लगभग 255 गाड़ियां कचरा उठाने का काम कर रही हैं। यह गाड़ियां सभी तरह का कचरा एक साथ ले रही हैं। नए नियमों के



तहत अब सेनेटरी और डोमेस्टिक हैजर्ड वेस्ट के लिए अलग बॉक्स के साथ कचरा चार तरह के बॉक्स में लेना होगा। ऐसे में पुराने तरीके से नए नियम का पालन कैसे पूरा होगा, यह सवाल है। तकनीकी विशेषज्ञों का मानना है कि मौजूदा गाड़ियों में पार्टिशन करने से उनकी क्षमता कम हो जाएगी, जिससे ट्रिप की संख्या बढ़ानी पड़ेगी। यदि निगम नई गाड़ियां खरीदता है तो एक गाड़ी की औसत कीमत छह से आठ लाख रुपए के बीच होती है, जो बजट को पटरी से उतार सकती है।

यह चार तरह के कचरे

गीला कचरा- इसे जैविक/बायोडिग्रेडेबल कचरा भी कहते हैं। खाना बचा हुआ, सब्जी-फल के छिलके, बगीचे का कचरा से कम्पोस्ट बनाया जा सकता है। ये डिब्बा हरे रंग का रहेगा।

सूखा कचरा - यह रिसायकल हो सकता है। जैसे प्लास्टिक, कागज, धातु, कांच इत्यादि। इसे रीसाइक्लिंग के लिए अलग रखना जरूरी है। इसमें नीले रंग का डिब्बा उपयोग होगा।

खतरनाक कचरा- घर में निकलने वाला हानिकारक कचरा। जैसे बैटरी, पेंट, केमिकल, सैनिटरी वेस्ट (डायपर), बल्ब, ट्यूबलाइट इत्यादि। इसके लिए लाल रंग के डिब्बे का चयन किया गया है।

विशेष कचरा- कुछ जगह इसे हेजार्डस के साथ क्लब किया जाता है। जैसे मेडिकल वेस्ट, मास्क, ग्लव्स, हाइजीन से जुड़ा कचरा इत्यादि। इसे काले रंग के डिब्बे में रखा जाएगा।

कचरे को चार श्रेणियों में अलग करना होगा

नए नियमों के तहत कचरे को चार श्रेणियों में अलग करना अनिवार्य होगा। इसमें गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू खतरनाक कचरा जैसे सैनेटरी पैड, डायपर, बल्ब और बैटरी तथा विशेष कचरा जैसे मेडिकल उपयोग की घरेलू सामग्री, टूटे सिरेमिक, राख और धूल शामिल हैं। घरों में जल्द ही चार रंग के डिब्बे बांटे जाएंगे। लोगों को इसके लिए जागरूक भी किया जाएगा।

- पूजा विधानी, महापौर

उप मुख्यमंत्री साव की स्कूटी गड्ढे में गिरी, आई चोट



सिम्स में जांच कराने पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरूण साव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उप मुख्यमंत्री अरूण साव शुक्रवार की रात लोरमी में स्कूटी चलाते हुए दुर्गा देखने निकले थे, इस दौरान स्कूटी के गड्ढे में गिरने से उनके पैर पर चोट लगी है। श्री साव इलाज के लिए सिम्स पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने कच्चा प्लास्टर लगाकर उन्हें आराम करने की सलाह दी है।

- लोरमी के पंडालों में दुर्गा देखने निकले थे
- सिम्स के डाक्टरों ने बांधा कच्चा प्लास्टर

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र लोरमी में थे। शाम ढलने के बाद वे स्कूटी चलाते हुए दुर्गा पंडालों में दुर्गा देखने के लिए निकले। स्कूटी से ही वे एक पंडाल से दूसरे पंडाल जाकर मां दुर्गा का दर्शन कर रहे थे और अपने साथियों एवं लोगों से मेल-मुलाकात भी कर रहे थे। एक पंडाल से वे जब स्कूटी चालू कर दूसरे पंडाल में जाने के लिए आगे निकले तभी गड्ढे में स्कूटी सहित गिर गए, जिससे उन्हें चोट आई। यह देख आसपास के लोगों ने उन्हें सहारा देकर उठाया, उसके बाद गाड़ी बुलाकर उन्हें घर भेजा गया। पैर में दर्द होने से वे शनिवार को बिलासपुर आकर सिम्स इलाज कराने गए, जहां डॉक्टरों ने उनके पैर का एक्सरे करवाया। चोट गंभीर नहीं थी, पैर में केवल मोच आई है, इसलिए डॉक्टरों ने पैर में कच्चा प्लास्टर लगाकर उन्हें छुट्टी दे दी। डॉक्टरों ने उन्हें फिलहाल आराम करने की सलाह दी है। पैर में चोट लगने और कच्चा प्लास्टर बांधे जाने के कारण उप मुख्यमंत्री अरूण साव के सभी निर्धारित कार्यक्रमों को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत

बिलासपुर। हाथी के हमले से एक ग्रामीण की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात हाथियों का दल कोटरी निवासी प्रताप सिंह के खेत में पहुंच गया। प्रताप सिंह कुछ ग्रामीणों के साथ हाथियों को भगाने के लिए गया, जहां हाथियों के अचानक आक्रमक होने की वजह से ग्रामीण वहां से भाग निकले। इस दौरान प्रताप सिंह को हाथी ने अपने सूंड से उठाकर पटककर कुचल दिया। हाथी के हमले से प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना विभाग को दी। सूचना मिलते ही विभागीय टीम और अधिकारी मौके पर पहुंचे, जहां हाथियों के हमले से घायल ग्रामीण को स्थानीय हास्पिटल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान डॉक्टर ने ग्रामीण की हालत देखकर पेण्ड्रा हास्पिटल और पेण्ड्रा हास्पिटल से सिम्स बिलासपुर में रिफर कर दिया। पेण्ड्रा से बिलासपुर सिम्स तक पहुंचने के दौरान बीच रास्ते में ग्रामीण की मौत हो गई। विभाग को ग्रामीण के मौत की सूचना दे दी गई है, जिसके बाद मुआवजा प्रकरण तैयार करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।



पेण्ड्रा से लाया गया था सिम्स

फर्जीवाड़ा करने वाला म्यूल बैंक खाताधारक गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस फर्जीवाड़ा करने वाले म्यूल बैंक खाताधारक को गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, पुलिस मुख्यालय रायपुर एवं वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में जिले में संचालित फर्जी एवं संदिग्ध म्यूल बैंक खातों की गहन जांच एवं प्रभावी कार्रवाई करने अभियान चलाया जा रहा है।



भारत सरकार द्वारा संचालित पुलिस पोर्टल समन्वय के माध्यम से एक संदिग्ध बैंक खाता के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। उसके खिलाफ 11 शिकायते व भारी मात्रा में फ्रॉड राशि जमा एवं स्थानांतरित होने की पुष्टि हुई। उक्त बैंक खाता साहू बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर के नाम से पंजीकृत है। जिसका प्रोपाइटर कोनी सेमरताल निवासी संजय साहू पिता शिवकुमार साहू है। संजय साहू ने अपने फरार साथी के साथ मिलकर आपराधिक षड़यंत्र रचा। आरोपियों द्वारा विभिन्न प्रलोभन देकर एवं साइबर धोखाधड़ी के माध्यम से पीड़ितों के खातों से अवैध रूप से राशि अपने म्यूल बैंक खातों में जमा कराई जाती थी। यूपीआई व एटीएम के माध्यम से पैसा आहरित कर आपस में बांट लिया जाता था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 61, 2, 317, 5, 318, 4, 323, 3, 5 व धारा 66 डी आईटीएक्ट के तहत खाताधारक संजय साहू को गिरफ्तार कर लिया है।



17- OCT -REGIONAL-pg-4-COMMAN_Layout 1 10/18/2026 12:05 AM Page 1

खबर संक्षेप

चित्रगुप्त भवन में सजा गरबा महोत्सव, अवनी बनीं गरबा क्वीन



बिलासपुर। कायस्थ समाज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में इमलीपारा स्थित चित्रगुप्त भवन में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सहभागिता निभाई। महोत्सव में महिलाओं ने एकल एवं समूह में गरबा नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, वहीं पुरुषों ने भी समूह में गरबा कर उत्साह दिखाया। कार्यक्रम के अंत में कपल कॉस्ट्यूम में गरबा नृत्य की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही। अवनी श्रीवास्तव बनीं गरबा क्वीन महोत्सव के अंत में पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें अवनी श्रीवास्तव ने प्रथम, कंचन श्रीवास्तव ने द्वितीय और नीलिमा वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं वंदना श्रीवास्तव और सुजाता श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। सामाजिक एकता और सद्भाव की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए समाज की ओर से स्वजातीय बंधुओं के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। भोजन की शुरुआत कन्याओं को भोजन कराकर की गई, जिसके बाद सभी ने सामूहिक रूप से भोजन ग्रहण किया।

संपर्क फाउंडेशन ने आठ शिक्षको को किया सम्मानित

लोरमी। संपर्क फाउंडेशन की ओर से स्थानीय बीआरसी भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में विकासखंड के आठ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। विगत एक वर्ष के दौरान अपने-अपने विद्यालयों में संपर्क फाउंडेशन की मल्टीमीडिया किट का बेहतर संचालन करते हुए विद्यार्थियों के बुनियादी गणितीय एवं भाषाई कौशल के विकास तथा शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए सराहनीय कार्य किया। सम्मानित होने वाले शिक्षक ईश्वर साहू, भगवती ध्रुव, शिवकुमार साहू, शैल कुमारी पटेल, सुजीत कुमार बंजारे, कुंवर सिंह कोवाची, धन सिंह सुनीता ध्रुव शामिल है। विकासखंड में वर्तमान में 51 विद्यालयों में डिजिटल टीवी के माध्यम से संपर्क फाउंडेशन की शैक्षणिक सामग्री का संचालन किया जा रहा है।

निधन

पूर्णेश यादव

तखतपुर। वार्ड 12 हाईस्कूल निवासी पूर्णेश यादव उर्फ गोलू का 40 वर्ष की आयु में 17 अक्टूबर को निधन हो गया। वे विनोद यादव के पुत्र, पूर्व पार्षद लक्ष्मी यादव, नरेंद्र यादव, कपिल यादव के भतीजा एवं चिम्पू यादव के भाई थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।



प्रभा श्रीवास

तखतपुर। ग्राम भीमपुरी निवासी प्रभा श्रीवास का 55 वर्ष की उम्र में 11 अक्टूबर को निधन हो गया। वे गोपाल श्रीवास की पत्नि एवं नरेश और निलेश की मां थीं। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भीमपुरी में किया गया।



सात दिनों तक गांव-गांव गूंजा मां महामाया का जयकारा, विधायक सुशांत के नेतृत्व में उमड़ा जन समूह

मां महामाया के दरबार में ध्वजा अर्पण के साथ बेलतरा की ऐतिहासिक 171 किमी ध्वजा यात्रा का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक सुशांत शुक्ला के नेतृत्व में विगत सात दिनों से जारी 171 किलोमीटर की भव्य धार्मिक ध्वजा यात्रा का शनिवार को सप्तमी के दिन माँ महामाया मंदिर, रतनपुर में विधिवत ध्वजा अर्पण के साथ ऐतिहासिक समापन हुआ। इस सात दिवसीय यात्रा ने गाँव-गाँव में माँ महामाया के जयकारों, सनातन संस्कृति के गौरव और सामाजिक समरसता का अनुपम संदेश दिया।

- रतनपुर में सप्तमी पर हुआ भव्य समापन, पंडरिया विधायक भावना बोहरा भी हुईं शामिल

अंतिम दिवस की यात्रा रानीगांव से प्रारंभ होकर मदनपुर, भरवीडीह और विभिन्न स्वागत स्थलों से होते हुए सिद्धि विनायक मंदिर पहुँची। यहाँ नगर पंचायत अध्यक्ष लव कुश कश्यप एवं मंडल अध्यक्ष बबलू कश्यप के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालुओं ने यात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद ढोल-ताशों की गूँज, शिव तांडव की प्रभावशाली प्रस्तुति, राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकियों और गगनभेदी जयकारों के बीच विशाल कारवाँ माँ महामाया मंदिर के लिए रवाना हुआ। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सहभागिता ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

अंचल के करीब 48 गाँवों से गुजरी यात्रा

यह ध्वजा यात्रा पहले दिन गिरजाबंध हनुमान मंदिर से शुरू होकर नवागांव, लखराम, टेकर, गिधौरी, बेलतरा, भिल्मी, भादी, नगोई, सेमरतल, लोफंदी और लखनपुर होते हुए आगे बढ़ी। यात्रा के दौरान विभिन्न ग्रामों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू की सहभागिता रही, वहीं कई स्थानों पर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया गया। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में जसगीत और पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सनातन आस्था और लोक संस्कृति का सुंदर संगम प्रस्तुत किया।

हर वर्ष निकाली जाएगी यात्राः विधायक सुशांत शुक्ला

यात्रा के समापन पर भावुक होते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने बेलतरा की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बेलतरा के हर परिवार ने जिस आत्मीयता से इस यात्रा को अपनाया है, वह उनके जीवन की अमूल्य पूँजी है। उन्होंने संकल्प लिया कि जनता के आशीर्वाद से यह पावन ध्वजा यात्रा हर वर्ष इसी भव्यता और सामाजिक समरसता के साथ निकाली जाएगी। समापन अवसर पर विधायक की धर्मपत्नी छाया शुक्ला, बहन श्वेता पांडेय शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष मोहित जायसवाल, जनक देवांगन, एस. मनहर, रामकुमार कौशिक सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी और हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सप्तमी पर मां कालरात्रि के रूप में पूजी गई मां डिडनेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



शारदीय क्वांर नवरात्र के सप्तमी तिथि शनिवार को कालरात्रि के रूप में ममकी आराधना हुई। सुबह विशेष श्रृंगार के बाद 108 नींबू की माला माता को अर्पित की गई। वही शाम की मंगल आरती से पहले भी वैदिक मंत्रों के साथ पूजा हुई। सुबह से देर रात तक भक्तों की भीड़ लगी रही, 10 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओ ने मां के दर्शन किए। लोगो की भारी संख्या होने की वजह से मुख्य मार्गो में जाम की स्थिति दिनभर बनी रही। इस बार के नवरात्र में सबसे ज्यादा ज्योतिकलश की संख्या रही। ट्रस्ट के अनुसार 4 हजार से ज्यादा मनोकामना के दीप जल रहे है। गर्भगृह के कलेवर व साज सज्जा भी श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। गर्भगृह में मां के दिव्य व भव्य स्वरूप का दर्शन कर मनवांछित फल की कामना कर रहे है। शाम की मंगल आरती में भी एक हजार से ज्यादा भक्त शामिल हुए वही मनवांछित फल की कामना के लिए लोट मारते व जमीन नापते सैकड़ो श्रद्धालुओ ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रविवार महाष्टमी तिथि को महागौरी स्वरूप की विशेष पूजन के साथ दुर्गासप्तसती हवन व अन्य अनुष्ठान संपन्न होंगे।

- 4 हजार से ज्यादा प्रज्वलित हुए मनोकामना के दीप

प्रसाद वितरण

सप्तमी तिथि को नगर में चारों तरफ प्रसाद वितरण करते देखे गए, स्कूल चौक में स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सोनी के स्मृति में उनके सुपुत्र कैलाश अरविंद सोनी ने भंडारे का आयोजन किया, जिसकी शुरुआत वार्ड 6 के पार्षद आशुतोष लाला वर्मा ने वहां उपस्थित कुंवारी कन्याओं को खिलाकर किया। वहीं मंदिर में पूजा सामग्री बेचने वाले करण वर्मा ने नगर प्रवेश द्वार बस प्रतीक्षालय से मंदिर तक ऑटो रिक्शा से निःशुल्क दर्शनार्थियों को मंदिर पहुंचाया, इस तरह में नवरात्र के अवसर पर भक्तो ने लोगों की सेवा की।

धर्मनगरी रतनपुर में करोड़ों की स्ट्रीट लाइटें बंद, यात्री व श्रद्धालु हो रहे परेशानः अटल

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा



कोटा। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक नगरी रतनपुर के प्रमुख मार्गों पर लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराने की मांग को लेकर विधायक अटल श्रीवास्तव ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखा है।

विधायक श्रीवास्तव ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि मां महामाया मंदिर रतनपुर में प्रतिदिन छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। नवरात्रि जैसे प्रमुख धार्मिक अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या में भारी वृद्धि होती है। इसके बावजूद नगर में स्थापित स्ट्रीट लाइटें पिछले कई महीनों से बंद पड़ी हैं, जिससे प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अंधकार की स्थिति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण मां महामाया के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से रात के समय अंधेरे के कारण सड़क दुर्घटनाओं, चोरी एवं अन्य अप्रिय घटनाओं की आशंका बनी रहती है। यह स्थिति धार्मिक नगरी रतनपुर की गरिमा एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा के दृष्टिकोण से चिंताजनक है। विधायक श्रीवास्तव ने कहा कि जिस रतनपुर नगरी में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु आस्था और विश्वास के साथ पहुंचते हैं, वहां बुनियादी प्रकाश व्यवस्था का लंबे समय तक दुरुस्त न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रद्धालुओं और नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन उपलब्ध कराना शासन-प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने उपमुख्यमंत्री अरुण साव से आग्रह किया है कि श्रद्धालुओं, नगरवासियों एवं यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रतनपुर नगर की बंद पड़ी समस्त स्ट्रीट लाइटों को तत्काल चालू कराने तथा समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएं, ताकि मां महामाया के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

- श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की।

गरबा महोत्सव में डिप्टी सीएम साव सपत्निक हुए शामिल, 70 लाख के विकास कार्यों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



क्षेत्रीय विधायक एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगर के मानस मंच में मां जगजननी दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित गरबा महोत्सव में शामिल हुए। यहां गरबा में श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ मां दुर्गा की आराधना की। इस अवसर पर तुलसाघाट नाका के दुर्गा पंडाल में 70 लाख के विकास कार्यों की घोषणा की।

श्री साव ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का पावन पर्व हमारी समृद्ध संस्कृति, आस्था एवं धार्मिक परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं। गरबा महोत्सव ने नगर में उत्सव और उल्लास का माहौल बनाया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों ने गरबा नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की सुंदर छटा बिखेरी। मां दुर्गा के जयकारों और भक्तिमय प्रस्तुतियों से मानस मंच देर तक गूंजता रहा। कार्यक्रम के आयोजक प्रशांत शर्मा, विश्वास दुबे, आकाश केशरवानी, नरेंद्र खत्री, सोनू सापरिया, मनीष सोनी, अमन सलूजा गुड्डू गुप्ता सहित माँ जगजननी दुर्गोत्सव समिति थाना ग्राउंड लोरमी के सभी सदस्यों की बड़ी भूमिका रही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष वर्ष विक्रम सिंह गुरमीत सलूजा, नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर डिप्टी सीएम साव ने 70 लाख रुपए के विकास कार्यों की घोषणा की। राम्हेपुर तुलसा घाट नाका के दुर्गा पंडाल में नगरवासियों की मांग पर मंच निर्माण के लिए 20 लाख रुपए एवं सामुदायिक भवन के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा है। नगर के फूटू पारा, बाजार पारा एवं राम्हेपुर तुलसा घाट नाका में माता रानी के दिव्य दरबार में मत्था टेका। माता से लोरमी सहित समस्त प्रदेशवासियों के लिए प्रार्थना की।

जन सेवा ही जीवन का प्रमुख उद्देश्यः तोखन

बिलासपुर। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री और बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने जन्मदिन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भेजे गए शुभकामना संदेशों के लिए आभार व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में साहू के परिश्रम, ऊर्जा, संकल्पशक्ति और नए भारत के निर्माण में उनकी भूमिका की सराहना करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भी उनके अच्छे स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और राष्ट्र के प्रति निरंतर समर्पित सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए तोखन साहू ने कहा कि जन्मदिन पर मिले शुभकामना संदेश और मार्गदर्शन उनके सार्वजनिक जीवन की अमूल्य पूंजी हैं। उन्होंने राष्ट्रसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ऊर्जा देने के लिए राष्ट्रपति का आभार जताया। प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहू ने कहा कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रसेवा का दायित्व निभाना सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता और विकसित भारत के निर्माण का संकल्प सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका स्नेह और मार्गदर्शन जनसेवा के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है। साहू ने कहा कि जनसेवा उनके जीवन का प्रमुख उद्देश्य है। वे जरूरतमंदों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता से कार्य करते रहेंगे।



- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

विधायक के भाई समेत 3 की मौत के मामले में चार गिरफ्तार

जरहागांव। दशरंगपुर में तीन लोगों की दर्दनाक मौत के मामले में जरहागांव पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, तेज रफ्तार और खतरनाक तरीके से विपरीत दिशा में वाहन चलाकर सड़क किनारे खड़े तीन लोगों को टक्कर मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे। संयुक्त पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और साइबर जांच की मदद से आरोपियों को रायगढ़ जिले में ओडिशा सीमा के पास पकड़ लिया।

घटना में प्रयुक्त महिंद्रा वीरो वाहन भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार, 15 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 6 से 6:15 बजे ग्राम दशरंगपुर के मुख्य मार्ग पर सफेद रंग की महिंद्रा वीरो ने सड़क किनारे खड़े तीन व्यक्तियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी गंभीर थी कि तीनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अधीनदास मोहले (65 वर्ष) और बल्लू बघेल (56 वर्ष), दोनों निवासी दशरंगपुर, तथा गंगाराम टंडन, निवासी भाठापारा (रेहुंटा), मुंगेली के रूप में हुई है। घटना के बाद वाहन चालक और उसके साथी वहां से फरार हो गए।



न्यायिक रिमांड पर भेजे गए आरोपी

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में वाहन चालक नबजीत दास (24 वर्ष), पिता स्वर्गीय परेश दास, अनंता विश्वास (31 वर्ष), कानु विश्वास (57 वर्ष) और सौरव मल्लिक (30 वर्ष) शामिल हैं। नबजीत दास, अनंता विश्वास और कानु विश्वास पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के निवासी बताए गए हैं, जबकि सौरव मल्लिक पश्चिम बंगाल के तरुण पल्ली क्षेत्र का निवासी है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे बकरी खरीदने के लिए छत्तीसगढ़ के मुंगेली आ रहे थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त महिंद्रा वीरो वाहन जब्त कर लिया है। चारों आरोपियों को 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया और 17 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। कानूनी कार्रवाई: पुलिस ने प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 238(क), 3(5) तथा मोटर वाहन अधिनियम की धारा 184 के तहत कार्रवाई की है।

जांच में सामने आई खतरनाक ड्राइविंग की कहानी

मर्ग जांच के दौरान मृतकों के परिजनों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए गए। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने और उपलब्ध साक्ष्यों का विश्लेषण करने पर पुलिस को वाहन को तेज गति से खतरनाक तरीके से विपरीत दिशा में चलाए जाने के तथ्य मिले। पुलिस जांच के अनुसार, वाहन में सवार साथियों द्वारा तेज गति से गाड़ी चलाने के लिए कहे जाने पर चालक ने वाहन को खतरनाक तरीके से चलाया, जिससे तीनों व्यक्तियों को गंभीर चोटें आईं और उनकी मृत्यु हो गई।

फरार होने के लिए बदला रास्ता, साक्ष्य मिटाने की कोशिश

पुलिस के मुताबिक, घटना के बाद आरोपी वाहन लेकर फरार हो गए और रायगढ़ से ओडिशा तथा पश्चिम बंगाल की ओर निकलने का प्रयास कर रहे थे। जांच में यह भी सामने आया कि वाहन पर लगे खून के निशान साफ करने और पहचान छिपाने के उद्देश्य से वाहन के बोनट को तोड़कर फेंक दिया गया था।

न्यायालय तहसीलदार, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
कमांक /क/ना.तह. / वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 10/09/2026
ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम मोपका प.ह.न. 29. तहसील बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 2149/2, 2149/3, 2150/1, 2150/2, 2152, 2153, 2154 कुल रकबा 0.5390 हे. भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के तहत अभिलेख दुरूस्ती के लिए आवेदक शिव बहादुर कश्यप पिता स्व. रामप्यारे कश्यप निवासी लिंगियाडीह तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।
यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 26/10/2026 को सुबह 11.00 स्वय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।
आज दिनाँक 10/9/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
तहसीलदार
बिलासपुर, (छ.ग.)

प्ररूप-(एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना
मैं उमाशंकर वाहने (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी लाल जी धरे गाँव/शहर बिलासपुर, तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने अपना नाम उमाशंकर वाहने (पुराना नाम) से बदल कर उमाशंकर धरे (नया नाम) रख लिया है।
उमाशंकर वाहने
हस्ताक्षर
(पुराने नाम से)

आम सूचना
यह कि भूमिस्वामी भवानी लाल बरेठ पिता श्री विजय कुमार बरेठ निवासी चंदन आवास लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ की भूमि स्थित मौजा मोपका प.ह.नं. 29, रा.नि.मं. मोपका विकास खण्ड बिल्हा तह. एवं जिला बिलासपुर की डायव्हर्शनशुदा भूमि शीट नंबर 14 प्लाट नंबर 2338 खसरा नं. 6/2 में से रकबा 0.0219 हेक्टेयर/2365 वर्गफीट है उक्त भूमि को मेरे द्वारा क्रय करने का पक्का अनुबंध किया गया है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन किया जाना है यह कि यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को उक्त सौदे से कोई आपत्ति है तो वह अपने आपत्ति मेरे नीचे लिखे पते पर इस समाचार के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर लिखित रुप से प्रमाणित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें, समयावधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर मेरे द्वारा अपने पक्ष में भूमि का पंजीयन करा लिया जावेगा तथा इसके बाद किसी प्रकार का कोई भी दावा आपत्ति स्वीकार्य नहीं किया जावेगा और न ही माना जावेगा।
अतः सूचना जाने।
दिनांक:-
(मनीष कुमार निरडवार)
शिखा वाटिका नारियल कोठी बिलासपुर
तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग.
मो. 9827343456

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)
:: राजस्व मामले में नोटिस ::
मामले का विषय - अपील
मामला क्र../अ-56/
वर्ष 2025-26
ग्राम-उदका, तहसील व जिला मुंगेली (छ.ग.)
महेश कुमार वि. लक्ष्मण प्रसाद वगैरह राजू पिता माधो दावा
निवासी ग्राम उदका, तहसील व जिला मुंगेली छ.ग.
आपको सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 26.10.2026 को दिन के 11:00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली पर होगी।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मुंगेली (छ.ग.)

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम रतनपुर प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. रतनपुर के अंतर्गत तहसील रतनपुर एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) में रतनपुर कोरबा पुराना मुख्य मार्ग पर भूमि स्थित है जो कि राजू श्रीवास पिता मालिकराम श्रीवास निवासी वार्ड न. 08 डबरा पारा रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ वाले के नाम पर दर्ज है। जिसका भूमि खसरा नं. क्रमशः 6383/3, 6384/3/2 और 6384/36 कुल रकबा 1.18 एकड़ जमीन खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है, विक्रेता द्वारा उक्त भूमि का निकट भविष्य में विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है, यदि उक्त भूमि के सौदे के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक आदि को कोई दावा / आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मय दस्तावेज उपस्थिति होकर दावा / आपत्ति कर सकते हैं, साथ आवसान पश्चात दावा / आपत्ति मान्य नहीं होगा। सो सूचना जानें।
दिनांक :- 18/10/2026
प्रकाश श्रीवासन
अधिवक्ता
मो.: 7241111402

आम-सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरे द्वारा श्री रिपुत्रिंजय कुमार श्रीवास्तव पिता श्री श्याम भूषण श्रीवास्तव निवासी थाना रोड अकलतरा जिला जाँजगीर-चांपा (छत्तीसगढ़) से लिंगियाडीह प.ह.न. 20/22 खसरा न. 198/408, 2800 वर्गफ़ीट भूमि ख़रीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है और निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है।
इस बाबत यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी की यदि किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहाँ उपस्थित होकर लिखित मैं आपत्ति दर्ज करा सकते है। उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जाने।
भवदीय
भूपेन्द्र चंदेरिया
विनोबा नगर, बिलासपुर
मो.95897-51740

न्यायालय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश महोदय बिलासपुर (छ.ग.)
श्रीमति ईश्वरी निषाद
.....आवेदकगण
// बनाम //
आम जनता (जिनका हित हो) व अन्य
.....अनावेदकगण
//ज्ञापन//
प्रोसेस नंबर-237
एम.जे.सी. (सिविल) नं.- 642/2026
पेशी दिनांक-17.11.2026
विषयः- समाचार पत्र में समंस / नोटिस प्रकाशन बाबत।
आवेदकगण के द्वारा माननीय न्यायालय में वाद अंतर्गत धारा 8(2) (क) हिन्दू अप्राप्तवयता एवं संरक्षकता अधिनियम 1956 सहपठित धारा 29 और 31 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम 1890 वास्ते अप्राप्तवय/नाबालिक तुषार केंवट एवं आशु केंवट दोनों पिता श्री ईश्वर केंवट की ओर से मकान निर्माण के लिये गृह ऋण बैंक से प्राप्त करने हेतु संरक्षक नियुक्त करने की अनुमति प्रदान करने की घोषणा बाबत पेश किये है, जिसकी अगली सुनवाई पेशी तिथि 17.11.2026 को इस न्यायालय में नियत है।
अतः आप उक्त समंस/नोटिस का प्रकाशन अपने समाचार पत्र में किसी एक दिन करे और प्रकाशन का व्यय अग्रिम रूप से आवेदकगण से प्राप्त कर लें, प्रकाशन व्यय के संबंध में इस न्यायालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी तथा प्रकाश उपरांत समाचार पत्र की एक प्रति इस न्यायालय को भेजें।
अतः आज दिनांक 07/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
स्थान : बिलासपुर
दिनांक-07/10/2026
(शैलेष कुमार केतारप)
प्रथम अपर जिला न्यायाधीश
(बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.
श्रीमती सुनीता सारथी पति विनोद सारथी, सरपंच (सम्मिलन द्वारा हटाया गया), ग्राम पंचायत मस्तूरी, जिला बिलासपुर छ.ग. .....अपीलार्थी
विरूद्ध
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एवं विहित प्राधिकारी मस्तूरी + 20 अन्य.. उत्तरवादीगण
रा.प्र.क्र. 202608071800005/अ-89(6)
पेशी दिनॉक 26.10.2026
अपीलार्थी श्रीमती सुनीता सारथी पति विनोद सारथी सरपंच (सम्मिलन द्वारा हटाया गया), ग्राम पंचायत मस्तूरी जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. एवं विहित प्राधिकारी मस्तूरी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 20260707300045/31-89 (6) पक्षकार श्रीमती रूखमणी एवं अन्य विरूद्ध श्रीमती सुनीता सारथी में पारित आदेश दिनॉक 28.07.2026 से क्षुब्ध होकर छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 21(4) के तहत अपील प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनॉक 26.10.2026 को नियत है।
अतः उत्तरवादी क्रमांक 5 रूकमणी देवी सिंह पति हिरेन्द्र सिंह, उपसरपंच ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 12 नोहर लाल आत्मज सुखरू राम वर्तमान पंच वार्ड नंबर 9 ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 13 कुलदीप कुर्रे आत्मज रमेश कुर्रे वर्तमान पंच वार्ड नंबर 14 ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 14 श्रीमती ज्योति कुर्रे पति अमर कुर्रे, वर्तमान पंच वार्ड नंबर 10 ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 15 श्रीमती मीना कुर्रे पति कमल कुर्रे, वर्तमान पंच वार्ड नंबर 11 ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 16 श्रीमती पिंकी करियारे पति रमेश करियारे, वर्तमान पंच वार्ड नंबर 13 ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 17 श्रीमती राजेश्वरी यादव पति गणेश यादव, वर्तमान पंच वार्ड नंबर 12 ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 18 रेखा मानिकपुरी शिवदास मानिकपुरी, वर्तमान पंच वार्ड नंबर 16 ग्राम पंचायत मस्तूरी, उत्तरवादी क्रमांक 20 श्रीमती शोभा सोनी पति विनोद सोनी वर्तमान पंच वार्ड नंबर 19 ग्राम पंचायत मस्तूरी जिला बिलासपुर अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनॉक 26.10.2026 को समय 3:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके इस न्यायालय पर अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनॉक 12.10.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि

बिलासपुर, रविवार 18 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255





जय बजरंगबली दुर्गा उत्सव समिति।



हटरी चौक में विराजी मां अम्बे।



आदर्श दुर्गा उत्सव समिति 23वां वर्ष चांटीडीह।



युवा दुर्गा उत्सव समिति ओमनगर।

सप्तमी पर पदयात्रा कर महामाया मंदिर पहुंचे श्रद्धालु

शारदीय नवरात्रि की सप्तमी पर मां महामाया के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में भक्त पदयात्रा करते हुए रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर पहुंचे और माता के दरबार में मत्था टेककर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों की आस्था और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिला। पदयात्रा के दौरान श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ते रहे, जिससे पूरा मार्ग भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया।

बिलासपुर। नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। इसी अवसर पर श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा की और अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। भक्तों ने पैदल यात्रा को अपनी आस्था और भक्ति का प्रतीक मानते हुए पूरे उत्साह के साथ यात्रा पूरी की। पदयात्रियों में युवा, महिलाएं और अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रमुख शक्तिपीठों में से एक है। नवरात्रि के दौरान यहां दूर-दूर से भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सप्तमी के अवसर पर भी मंदिर में दर्शन-पूजन को लेकर विशेष उत्साह रहा। भक्तों ने माता के चरणों में नारियल, चुनरी और पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया।



माता के दरबार में टेका मत्था





संस्कार दुर्गा उत्सव समिति स्मार्ट रोड।



जय अम्बे दुर्गोत्सव समिति उदई चौक कतियापारा।



जरहाभाठा में विराजी मां।



विशाल शक्ति दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा।



आर्शीवाद दुर्गा उत्सव समिति सिरगिट्टी आवासपारा।



तथास्तु दुर्गा उत्सव समिति सरकंडा।



मां शेरावाली दुर्गा उत्सव समिति गोड़पारा।

श्री प्लाजा में पांच हजार कन्याओं का पूजन

श्री प्लाजा सरकंडा में माँ आदि शक्ति कन्याओं का पूजन किया गया। पांच हजार कन्याओं का पूजन, उपहार स्वरूप पुस्तकें भेंट की गई। कन्याओं का पूजन कर जीवन उपयोगी संस्कार की भी शिक्षा दी गई। नवरात्र के इस अवसर पर आयोजन में कमिश्नर सुनील जैन, पुलिस महानिरीक्षक आरपी गर्ग , कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह, जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल और नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे, डीआईजी रामकश्यप वरिष्ठ समाज सेवी अनिल टाह, शहर के लोकप्रिय विधायक अमर अग्रवाल पूर्व विधायक श्री शैलेष पाण्डेय, जिला अध्यक्ष दीपक सिंह जी, व गहोई समाज के संरक्षक श्री मनोहरलाल बरसंईया विभिन्न राष्ट्रीय अखबारों के संपादक साहित्यकार समाजसेवी प्रमुख डॉ मदन देशपांडे,मधुश्री देशपांडे, डॉ ओम माखीजा, डॉ समर शर्मा, बसंत साड़ी सेंटर परिवार, लालाजी परिवार, इंडियन कॉफी हाऊस परिवार सभी ने इस सेवा में भाग लिया। गुप्ता परिवार के श्री पीयूष श्री नरेन्द्र गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, डॉ. पारस गुप्ता, अधिवक्ता पुष्प गुप्ता आयुषी गुप्ता, पारूल गुप्ता और सियाश्री गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।





पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकाली गई चुनरी यात्रा

बागेश्वर धाम मातृशक्ति सुंदरकांड मंडल बिलासपुर ने शनिवार को मां दुर्गा की भक्ति एवं श्रद्धा के साथ भव्य चुनरी यात्रा निकाली। यात्रा सीएमडी चौक स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से निकल कर नवसंकल्प दुर्गोत्सव समिति सी.एम.डी कॉलेज प्रांगण पहुंची। इस दौरान सभी मातृशक्ति बहनें लाल कलर की साड़ी में आरती की थाली लेकर पहुंची एवं सभी ने मिल कर मां दुर्गा को चुनरी अर्पित की। इसके बाद महाआरती में सम्मिलित होकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर बागेश्वर धाम मातृशक्ति सुंदरकांड मंडल की सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।



अरपा तट से 125 फीट चुनरी के साथ निकली चुनरी यात्रा

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर शनिवार को अरपा रिवर व्यू से माँ महामाया मंदिर रतनपुर तक भव्य चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत 51 पंडितों के सामूहिक शंखनाद से हुई। इस मौके पर अटल श्रीवास्तव, कोको पहाड़ी, विजय पांडे, विजय केशरवानी, सुधांशु मिश्रा, स्वप्निल शुक्ला, शिवा मिश्रा, महेश दुबे, डब्बू साहू, अंकित गौरहा व आशीष मोनू अवस्थी सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल थे।



कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज का गरबा उत्सव



नवयुवक कान्यकुब्ज विकास समिति महिला प्रकोष्ठ एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच द्वारा नवरात्रि पर्व के अवसर पर गरबा का रंगारंग कार्यक्रम यस पैलेस में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि रितु शैलेष पांडे, विशिष्ट अतिथि शिल्पी तिवारी, स्वर्णा शुक्ला के द्वारा दुर्गा मां की पूजा की गई। किरण बाजपेई ने गरबा का महत्व बताया। गरबा में बच्चों के ग्रुप में प्रथम आदिशक्ति ग्रुप जिसका पुरस्कार दीपा तिवारी एवं अंशु मिश्रा द्वारा दिया गया था। प्रथम महागौरी ग्रुप का पुरस्कार संजना मिश्रा द्वारा द्वितीय स्थान त्रिपुर सुंदरी का पुरस्कार अर्चना तिवारी द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षा किरण बाजपेई, सचिव ममता दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष नमिता बाजपेई, कोषाध्यक्ष मधु अवस्थी, संरक्षिका उषा किरण बाजपेई, डॉ आरती पांडे का विशेष योगदान रहा।

अर्पिता ऑफिसर्स क्लब में रही गरबा की धूम



अर्पिता ऑफिसर्स क्लब ने नवरात्रि पर गरबा एवं डांडिया महोत्सव का भव्य आयोजन किया। निकिता संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन तथा शशि अमर अग्रवाल के आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद क्लब की सदस्याओं ने उमंग के साथ रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में गरबा एवं डांडिया की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर सहाना एवं सोनिया प्रकाश सर्वे की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की सचिव रजनी खांडेकर, कोषाध्यक्ष अलका तिवारी, श्वेता साव, श्रीता तिवारी, अलका अग्रवाल, नीलिमा रात्रे, रेखा गर्ग, भारती दीक्षित का योगदान रहा। अंत में सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। सामूहिक रात्रिभोज के साथ समारोह का समापन हुआ।

चंद्रा सामाजिक भवन में चंद्रा गरबा की गूंज



चंद्रा विकास समिति बिलासपुर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष लखेश्वरी एवं हेम चंद्रा ने बताया कि सामाजिक भवन त्रिवेणी नगर बिलासपुर में प्रथम बार चंद्रा गरबा गूंज का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में माता रानी की पूजा आरती की गई। भोग प्रसाद के साथ कार्यक्रम को विश्राम दिया गया। अंत में माता रानी की भक्त रजनी राम प्रसाद चंद्रा सहायक प्राध्यापक सीपत ने सभी महिला सहभागियों के लिए विशेष पुरस्कार दिया। जीआर चंद्रा परिवार ने सभी सहभागी एवं दर्शकों के लिए प्रसाद की व्यवस्था की। कार्यक्रम को सफल बनाने में लखेश्वरी, हेमा, पुष्पलता, नीलिमा, रोशनी, प्रीति, पूर्णिमा, कपिल, लक्ष्मी, सरोज, गंगा, बिमला, सुनीता, कल्याणी, कोमल, अनीता का सहयोग रहा।

छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत किया

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा नृत्य प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा एवं सांस्कृतिक अभिरुचि का सुंदर प्रदर्शन किया। गरबा प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ सपना हेनरी मुख्य निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं। उनके साथ डॉ मिश्रा मैडम एवं डॉ पुष्पा भंडारी ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायक मंडल ने छात्राओं की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया तथा अपने आशीर्वचन एवं शुभकामनाओं से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने भी छात्राओं को आशीर्वचन एवं शुभकामनाएँ देते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर निक्की एवं समूह द्वितीय स्थान पर शालिनी एवं समूह तथा तृतीय स्थान पर पायल एवं समूह रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को निर्णायक मंडल एवं महाविद्यालय परिवार द्वारा हार्दिक बधाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन अमृता चिमनानी एवं भारती साहू द्वारा किया गया। अंत में डॉ यतिनंदिनी पटेल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, निर्णायकों, प्राचार्य, प्राध्यापकों, आयोजन समिति एवं छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ शोभा महेश्वर, डॉ बेला महंत एवं डॉ यतिनंदिनी पटेल का विशेष सहयोग रहा।



ब्रह्म वनिता परशु सेना की बहनों ने बांटी सुहाग सामग्री



ब्रह्म वनिताएं परशुसेना की बहनों ने नव दुर्गा उत्सव पर दुर्गा पंडाल में भजन संध्या आयोजित की। संस्थापिका डॉ शोभा त्रिपाठी ने बताया कि मां दुर्गा के आगमन पर मां का स्वागत किया। वसुधैव कुटुम्बकम की भावना इस संस्था का उद्देश्य है। जसगीत गाए गए। डॉ त्रिपाठी एवं संध्या पांडेय ने सभी बहनों को स्टील के डिब्बे, सुहाग सामग्री, भोग प्रसाद का वितरण किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष अर्चना तिवारी, संरक्षिका मीनू दुबे, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, ममता मिश्रा, आरती द्विवेदी, वंदना, मीना मिश्रा, शशि तिवारी, रश्मि शुक्ला, सुषमा पांडेय, संगीता तिवारी, मंजू मिश्रा की उपस्थिति रही।

17 OCT- BSP - BHOOMI-PG-6_Layout 1 10/18/2026 12:46 AM Page 1

खबर संक्षेप

चाकू से हमला करने वाला युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। शराब के लिए पैसा नहीं देने से युवक के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, दोमुहानी निवासी कलिंदरी पात्रे पति अक्षय पात्रे का बेटा कमलेश पात्रे 16 अक्टूबर की शाम 7.30 बजे काम करने के बाद घर आया। रात 9 बजे मोहल्ले में संतोष आडिक के घर दशगात्र में शामिल होने गया था। विकास पात्रे ने कमलेश से शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली गलौज करने लगा। गाली देने से मना करने पर विकास ने कमलेश के साथ मारपीट करते हुए चाकू निकालकर हमला कर दिया, जिससे उसके हाथ में चोट आई है। पुलिस ने मां कलिंदरी पात्रे की रिपोर्ट पर हमलावर विकास पात्रे को गिरफ्तार कर लिया है।

विकलांग युवती से अनाचार, गिरफ्तार

बिलासपुर। घर में घुसकर विकलांग युवती से अनाचार करने वाले अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चकरभाठा टीआई भावेश शेंडे ने बताया, 4 अक्टूबर क्षेत्र में रहने वाली एक विकलांग लड़की घर में अकेली थी। मौका पाकर बोड़सरा निवासी माखन लाल धृतलहरे पिता स्व. सरजू धृतलहरे 55 साल घर में घुसकर विकलांग युवती के साथ अनाचार किया। युवती की बहन घर आई तो उसे देखकर पीछे के दरवाजे में माखन भाग गया था। पुलिस ने फरार आरोपी माखन लाल धृतलहरे को गिरफ्तार कर लिया है।

महिला कबड्डी टीम से मुलाकात की रेल मंत्री ने

बिलासपुर। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय महिला कबड्डी टीम के सदस्यों से मुलाकात की। टीम ने आइची-नागोया, जापान में आयोजित 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता है। श्री वैष्णव ने भारतीय रेल की महिला खिलाड़ियों को उनके स्वर्ण पदक जीतने पर बधाई दी और खिलाड़ियों द्वारा अपने समर्पण, दृढ़ संकल्प और खेल उत्कृष्टता के माध्यम से तिरंगे का मान बढ़ाने और देश का नाम रोशन करने की सराहना की। टीम को नीता मोरेश्वर दाडवे द्वारा प्रशिक्षित किया गया था और कप्तानी पुष्पा राणा ने की थी। केंद्रीय मंत्री से मिलने वाली रेलवे खिलाड़ियों में दक्षिण मध्य रेलवे की मुख्य कोच नीता मोरेश्वर दाडवे; दक्षिण मध्य रेलवे की रितु नेगी; उत्तर रेलवे की पूजा; दक्षिण मध्य रेलवे की पिंकी रॉय; और पश्चिम रेलवे की सोनाली विष्णु शिंगाटे और राज रानी शामिल थीं।

अजनी स्टेशन पर बारह एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव

बिलासपुर। रेल प्रशासन ने धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित 12 एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थायी ठहराव मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अजनी स्टेशन में एक मिनट के लिए देने का आर्डर दिया है। ठहराव की सुविधा 19 एवं 20 अक्टूबर को दी जाएगी। इसमें 19 अक्टूबर को 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस अजनी स्टेशन 17.31 बजे से 17.32 बजे तक, 19021 उधना-ब्रम्हपुर अमृत भारत एक्सप्रेस अजनी स्टेशन में 19.13 से 19.14 बजे तक, 20 अक्टूबर को 13426 सूरत-मालदा टाउन एक्सप्रेस 1.33 से 1.34 बजे तक, 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस 9.14 से 9.15 बजे तक, 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस 9.26 से 9.27 बजे तक, 12844 अहमदाबाद-पुरी एक्सप्रेस 10.25 से 10.26 बजे तक रोकी जाएगी।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने थाने में घुसकर की मारपीट, दो युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। दुर्गा पंडाल के पास भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित युवक थाने में रिपोर्ट लिखाने गया तो कार्यकर्ता थाने में घुसकर पीड़ित युवक के साथ मारपीट कर जमकर हंगामा मचाया।



पुलिसकर्मियों ने युवकों को पकड़कर थाने से बाहर निकाला। पुलिस ने हमलावर दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, पुराना बाजार निवासी राकेश भार्गव पिता स्व. घनश्याम भार्गव 16 अक्टूबर की रात अपनी मां रेखा भार्गव के साथ दुर्गा देखने गए थे। रात 10 बजे शांतिनगर दुर्गा पंडाल से दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ता राजेश देवांगन, गोलू करिया शराब के नशे में राकेश भार्गव के साथ गाली गलौज करने लगे। मना करने पर दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से जमकर मारपीट की। राकेश भार्गव अपनी मां रेखा भार्गव के साथ रिपोर्ट लिखाने के लिए सकरी थाने गया। कुछ देर बाद राजेश देवांगन, गोलू करिया अपने साथियों के साथ नशे में थाने में घुसकर राकेश भार्गव पर मारपीट करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट लिखने की बात कहकर हंगामा मचाने लगे। इसी दौरान राजेश देवांगन, गोलू करिया ने थाने के अंदर दबंगई दिखाते हुए पुलिसकर्मियों के सामने मां बेटे के साथ मारपीट करने लगे। पुलिसकर्मियों के द्वारा हमलावरों को पकड़कर थाने के बाहर किया। थाने के बाहर भी युवक जमकर हंगामा मचाते रहे।

शिकायत के बाद लिखी गई एफआईआर

17 अक्टूबर की सुबह पीड़ित पक्ष राकेश भार्गव परिवार के साथ एसपी कार्यालय जाकर एसएसपी से घटना की जानकारी देते हुए न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर सकरी पुलिस ने राकेश भार्गव की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 115, 2, 351, 3, 3, 5 के तहत अपराध कर हमलावर राजेश देवांगन पिता रामकुमार देवांगन 36 साल, महेश ध्रुव उर्फ करिया पिता स्व. दशरथ ध्रुव 31 साल को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक धारा 170, 126, 135, 3 के तहत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों जमानत पर रिहा हो गए।

कार्रवाई की गई

दुर्गा पंडाल के पास एक युवक के साथ मारपीट की गई थी। रात में दोनों पक्ष रिपोर्ट लिखाने आए थे। दोनों पक्षों के खिलाफ रिपोर्ट लिखने की बात कहने पर दोनों पक्ष समझौता कर लौट गए थे। सुबह फिर से पीड़ित युवक ने रिपोर्ट लिखाई। उसकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

-संजय शिंदे, सकरी टीआई

सिम्स में लग रहा बाजार, रोजाना फेरी लगाने वाले सामान बेचने पहुंच रहे

बिलासपुर। सिम्स में रोजाना 2 हजार से अधिक मरीज पहुंचते हैं, ऐसे में फेरीवालों के लिए यह बड़ी दुकान साबित हो रही है, कपड़े, फुटपाथ के बिकने वाले घरेलु सामानों के साथ फेरीवाले पहुंच जाते हैं, जिसके चलते कई बार मरीज व डाक्टरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसे लेकर नर्स से बहस तक हो रही है। इसके बावजूद सिम्स प्रबंधन ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

फेरी लगाकर कपड़ा और जरूरत का सामान बेचने वालों के लिए सिम्स अस्पताल दुकान से कम नहीं है, यहां भर्ती मरीजों को ग्राहक समझ फेरीवाले रोजाना गार्ड की नजरों से बचते-बचाते वार्ड तक पहुंच रहे हैं। शनिवार को ऐसा ही मामला सामने आया है, मरीजों की शिकायत के बाद गार्ड ने उसे पकड़ लिया और चौकी के सुपुर्द कर दिया है। सबसे खास बात यह है कि ऐसा मामला पहली बार नहीं आया है, इससे पहले भी कई बार फेरीवालों को सिम्स में देखा गया है। इस दौरान मरीज वार्ड में नर्सों से इनकी बहस भी होती है। अस्पताल प्रबंधन अगर इस मामले को लेकर सख्ती नहीं बरतता है तो भविष्य में यह दोबारा भी होता रहेगा। फिलहाल प्रबंधन का कहना है कि सिम्स चौकी को ऐसे लोगों की सूचना दी जा रही है। पुलिस ऐसे लोगों पर कार्रवाई कर सकती है।



मरीजों को जरूरत पड़ती है

अस्पताल में भर्ती मरीजों को कई बार घरेलु सामानों की जरूरत पड़ती है, इसमें कपड़े, मग, बाल्टी और अन्य सामान शामिल है, इसका फायदा फेरीवाले लगाते है। कई बार साड़ियों की खेम लेकर भी फेरीवाले अस्पताल में घूमते नजर आते हैं। सवाल यह है कि सिम्स में 120 से अधिक गार्ड है, ऐसे में उनकी नजरों से यह फेरीवाले कैसे बच जाते हैं।

पुलिस करेगी कार्रवाई

गार्ड ने एक फेरीवाले को पकड़ा था, मुझ तक शिकायत आई थी, जिसके बाद उसे चौकी के सुपुर्द किया गया है। आगे की कार्रवाई पुलिस करेगी।

-डॉ लखन सिंह, अधीक्षक, सिम्स

मॉर्निंग-इवनिंग वॉक पर आने वाले लोगों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा

कंपनी गार्डन में शाम होते ही पसर जाता है अंधेरा, असामाजिक तत्वों का जमावड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ऐतिहासिक विवेकानंद उद्यान (कंपनी गार्डन) इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। नगर पालिक निगम की घोर लापरवाही के चलते शाम ढलते ही पूरा गार्डन अंधेरे के आगोश में डूब जाता है। इस अंधकार का फायदा उठाकर पार्क में असामाजिक तत्वों, जुआरियों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगने लगा है, जिससे स्थानीय निवासियों और मॉर्निंग-इवनिंग वॉक पर आने वाले आम नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। बताया जा रहा है कि निगम ने बिजली बिल जमा नहीं किया है, इसलिए सीएसपीडीसीएल की ओर से कनेक्शन काट दिया गया है।

दरअसल गार्डन का रखरखाव करने की जिम्मेदारी नगर निगम की है, लेकिन लंबे समय से यहां लगी अधिकांश स्ट्रीट लाइटें और हाईमास्ट लाइटें खराब पड़ी हैं। स्थानीय वॉकर्स का कहना है कि उन्होंने इसकी शिकायत कई बार निगम के अधिकारियों और बिजली विभाग से की है, लेकिन केवल आश्वासन के सिवाय कुछ हाथ नहीं लगा। अंधेरे के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने शाम के वक्त इस पार्क में आना लगभग बंद कर दिया है।



असामाजिक तत्वों का बना सुरक्षित ठिकाना

अंधेरे का फायदा उठाकर शाम 6 बजे के बाद पार्क के भीतर संदिग्ध गतिविधियों का संचालन धड़ल्ले से हो रहा है। असामाजिक तत्व खुलेआम नशाखोरी करते हैं और वहां से गुजरने वाले राहगीरों के साथ बदसलूकी और छीनाझपटी की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। सुरक्षा गार्डों की कमी और पुलिस की नियमित गश्त (पेट्रोलिंग) न होने के कारण यह खूबसूरत उद्यान अब अपराधियों का सुरक्षित ठिकाना बनता जा रहा है। युवक-युवतियों का जमावड़ा भी शाम होते ही अधिक होने लगा है, इससे आसपास का माहौल भी खराब हो रहा है।

जनता की मांग बढ़े पुलिस गश्त

स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों ने जिला प्रशासन, नगर निगम आयुक्त और बिलासपुर पुलिस से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि पार्क की सभी लाइटों को अविलंब बदला जाए और मुख्य द्वारों पर सुरक्षा गार्ड तैनात किए जाएं। इसके साथ ही, स्थानीय थाने की पुलिस को शाम और रात के वक्त इस पूरे क्षेत्र में पेट्रोलिंग बढ़ाने की सख्त जरूरत है ताकि किसी बड़ी अनहोनी को टाला जा सके और पार्क का माहौल दोबारा पारिवारिक बनाया जा सके।

ठीक कराया जाएगा

कंपनी गार्डन की अधिकांश लाइटें चालू हैं। कहीं कोई एक बल्ब बंद हो सकता है। इसे ठीक कर लिया जाएगा। बाकी का भी मरम्मत कराकर स्थिति सामान्य की जाएगी।

-विजय ताम्रकार, प्रभारी विद्युत व प्रकाश व्यवस्था

बाजारों में नगर निगम की कार्रवाई 500 किलो प्लास्टिक जब्त

नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बड़ी दुकानों से 500 किलो प्लास्टिक जब्त किया है। नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर शनिवार को निगम के स्वास्थ्य विभाग ने शहर के बाजार क्षेत्र श नि च री बा ज़ा र , गो ल बाज़ार,तेलीपारा के दुकानों में छापा मार कर सघन जाँच अभियान चलाया। जिसमे अमित प्लास्टिक और राजकुमार परफ्यूम्स में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक बरामद किया गया।

- शहर के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया सघन जांच अभियान

गौरतलब है कि सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 25 हजार रुपए तक जुर्माना लग सकता है। इसके बाद भी बृहस्पति, शनिचरी, बुधवारी, सदर, गोल बाजार आदि में डिस्पोजेबल ग्लास, कटोरियां, पालिथीन पन्नियों का इस्तेमाल खुलेआम होता है। थोक दुकानदारों के यहां डिस्पोजेबल ग्लास, कटोरियों के पैकेट खुलेआम रखे हुए हैं। ठेले व अन्य दुकानदार पॉलिथीन में सामान दे रहे हैं। व्यापारियों के मुताबिक 30 रुपए में 100 पॉलीथिन मिलती है, पर कपड़े की थैली एक रुपए पड़ती है। इधर पर्यावरण संरक्षण के मुताबिक प्लास्टिक बैग्स, प्लास्टिक कटलरी, थर्माकोल से बनी कटलरी, कप, चम्मच, प्लेट व पानी के पाउच भी शामिल हैं। इसके अलावा थर्माकोल की प्लेट, नकली फूल, बैनर, झंडे, प्लास्टिक पानी बोतल, प्लास्टिक स्टेशनरी आइटम जैसे फोल्डर आदि का इस्तेमाल प्रतिबंधित है।



कार्रवाई करती निगम की टीम।

प्लास्टिक, डिस्पोजेबल का 200 करोड़ का धंधा

ध्यान देने वाली बात है कि अकेले बिलासपुर में प्लास्टिक व डिस्पोजेबल का लगभग 200 करोड़ का सालाना कारोबार होता है। व्यापारियों के शहर में 8 थोक विक्रेता और लगभग 3 हजार फुटकर विक्रेता इसके कारोबार में शामिल हैं। बिलासपुर मर्चेंट एसोसिएशन के मुताबिक अगर सरकार सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करना चाहती है तो सबसे पहले उत्पादन बंद करे।

एनटीपीसी से कापर केबल वायर चोरी करने वाले 8 गिरफ्तार

बिलासपुर। सीपत पुलिस ने एनटीपीसी से कापर केबल वायर चोरी करने वाले गिरोह के 8 लोगों को गिरफ्तार कर 2 क्विंटल कापर केबल वायर, ई रिक्शा, एक बाइक जब्त किया है।

सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया, 16 अक्टूबर को एनटीपीसी कर्मी अरूण कुमार सिन्घा पिता स्व. नित्य गौर सिन्घा 64 साल ने रिपोर्ट लिखाई, इसके अनुसार उज्जवल नगर एनटीपीसी टाउनशिप जलाशय 1 बी में 26 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर लगाने काम चल रहा है। जिसके साइड आफिस में 6 एमएम कायर केबल वायर के 100 ड्रम रखे थे। श्री सिन्घा व शक्ति कुमार सूर्यवंशी के द्वारा साइड को चेक करने पर 12 ड्रम कापर केबल वायर नहीं था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर पतासाजी कर राजकुमार



देवार उर्फ अकड़ी पिता स्व. माखन देवार 40 साल सीपत प्रगति नगर, देवी लाल देवार पिता स्व. शंकर लाल देवार 40 साल सीपत प्रगतिनगर, उमाशंकर सूर्यवंशी पिता स्व. लतेलराम सूर्यवंशी 36 साल नरगोडा, चंद्रप्रकाश सूर्यवंशी पिता माखन लाल सूर्यवंशी 20 साल सीपत प्रगतिनगर, चतुरराम खरे पिता स्व. मालिकराम खरे 45 साल सीपत प्रगतिनगर, अनिल कुमार सूर्यवंशी पिता लाला राम सूर्यवंशी 22 साल नरगोडा, चंद्रहास सूर्यवंशी पिता मुन्नालाल सूर्यवंशी 22 साल सीपत प्रगतिनगर, नंदकुमार साहू पिता स्व. सीताराम साहू 45 साल झलमला निवासी को गिरफ्तार कर 2 क्विंटल कापर केबल वायर, ई रिक्शा, एक बाइक जब्त व 15 हजार 500 रुपए जब्त कर आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बिना अनुमति बना लिए 14 फ्लैट, नोटिस के बाद कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा चौक में दीवान कंस्ट्रक्शन के अपार्टमेंट में स्वीकृत भवन नक्शे और मौके पर हो रहे निर्माण के बीच अंतर सामने आने के बाद निगम ने नोटिस जारी जरूर किया है लेकिन आगे की कार्रवाई में हाथ कांपने लगने हैं। निगम का कहना है कि अब फाइल टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को भेजकर इसका पता लगाया जाएगा कि आखिर कितना अवैध निर्माण हुआ है। इसके बाद तोड़फोड़ होगी। निगम के मुताबिक निर्माणकर्ता भी इसके लिए राजी है और नोटिस के जवाब में उसने इसे स्वीकार भी किया है।

- फाइल टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को भेजकर परीक्षण कराने की बात

दरअसल इस प्रोजेक्ट के ए और बी रेसीडेंशियल ब्लॉक में आठ फ्लोर तक निर्माण की अनुमति है। ए ब्लॉक का बिल्डअप एरिया 5402.24 वर्गमीटर है, जिसमें 48 फ्लैट प्रस्तावित हैं। बी ब्लॉक का बिल्डअप एरिया 7033.44 वर्गमीटर है और इसमें 64 फ्लैट प्रस्तावित हैं। स्वीकृत नक्शे के अनुसार आठवें फ्लोर तक ए ब्लॉक में 6 और बी ब्लॉक में 8 फ्लैट के निर्माण की अनुमति दी गई है। जबकि इसके ऊपर मौके पर नौवें फ्लोर का निर्माण किया जा रहा है। इस फ्लोर पर ए ब्लॉक में 6 और बी ब्लॉक में 8 यानी कुल 14 फ्लैट बनाए जा रहे हैं। इनके लिए अलग से अनुमति नहीं ली गई है।

लेआउट में कर दिया बदलाव

इसके अलावा स्वीकृत नक्शे में ए और बी ब्लॉक के बीच 13.6 मीटर की दूरी रखी गई है, लेकिन मौके पर दोनों ब्लॉकों के बीच का पैसेज भी जोड़ दिया गया है। निगम भवन शाखा के इंजीनियरों के अनुसार स्वीकृत नक्शे में इस तरह दोनों ब्लॉकों को जोड़ने का प्रावधान नहीं है। मतलब कि आठ फ्लोर की स्वीकृति के बावजूद नौवें फ्लोर पर 14 फ्लैट और दोनों ब्लॉकों को जोड़ दिया गया है। ऐसे में निर्माण के दौरान लेआउट में बदलाव किसकी अनुमति से किया गया, यह जांच का विषय है। अधिकारियों के मुताबिक पूरे प्रोजेक्ट में स्वीकृत नक्शे और मौके के निर्माण का मिलान कराया जाना जरूरी है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि निर्माण में कहीं और भी बदलाव तो नहीं किए गए हैं।



जांच कराई जा रही

कंस्ट्रक्शन के अपार्टमेंट में नक्शे के अनुसार निर्माण हो रहा है या नहीं, इसकी इंजीनियरों से जांच कराई जा रही है। संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया गया था।इसका जवाब आ गया है। जवाब का परीक्षण करने के साथ ही फाइल को टाउन एंड कंट्री प्लानिंग भी भेजा जाएगा। यदि नक्शे के खिलाफ निर्माण पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।

- प्रकाश सर्वे, आयुक्त, नगर निगम

मरीजों की सुविधा के लिए सिम्स को मिली 10 व्हीलचेयर

बिलासपुर। सिम्स के दिव्यांग और असमर्थ मरीजों को अस्पताल में इलाज कराने के लिए पैदल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एलआईसी ने सीएसईआर मद से सिम्स अस्पताल को 10 व्हीलचेयर प्रदान किया है।

एलआईसी के क्षेत्रीय प्रबंधक धर्मपाल ने कहा कि मरीजों की सेवा और सुविधाएं उपलब्ध कराना एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है। एलआईसी मरीजों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सिम्स प्रबंधन को सहयोग देता रहा है और भविष्य में इस तरह के कार्य किया जाएगा। सिम्स अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ-साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। व्हीलचेयर मिलने से बुजुर्गों, दिव्यांगों और चलने में असमर्थ मरीजों को राहत मिलेगी।शासकीय चिकित्सा संस्थानों में मरीजों की सुविधा बढ़ाने के लिए सामाजिक संस्थाओं एवं अन्य संगठनों का सहयोग महत्वपूर्ण है। एलआईसी की यह पहल मरीजों के हित में सराहनीय कदम है। इस दौरान एलआईसी के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक उदय कृष्ण प्रसाद, विपणन प्रबंधक पी.एस. तन्तरपाले, प्रबंधक विक्रय आलोक तिवारी, राजेश साहू, यशोदा नंदन सिंह खरसन, केके मूर्ति, नितीन करंदीकर,बसंत दुबे एवं संत निराला उपस्थित रहे। वहीं सिम्स प्रबंधन की ओर से डॉ. मधुमिता मूर्ति, नर्सिंग अधीक्षक स्वाती कुमार, सरिता बहादुर, उज्ज्वला दास, नमिता वानी, राजकुमारी चौहान, पिंकी दास, पुष्पलता शर्मा, सविता यादव, प्रभा सिन्हा, शीट कुर्रे, सुषमा तिर्की, माया, नीलिमा सिंह एवं मनोरमा लकरा सहित मेडिकल, नर्सिंग एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मदरिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फैको सर्जन
डॉ. एश्वर्या मदरिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
15 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकामेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411